# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## अभ्यास प्रश्नपत्र – 2

कक्षा – XI | विषय - राजनीति विज्ञान (028)

समय - 3 घंटे | अंक – 80

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र में 5 खंड(खंड-A,B,C,D और E) तथा कुल 30 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न संख्या1-12 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं प्रत्येक 1 अंक का है।
4. प्रश्न संख्या 13-18 प्रत्येक 2 अंक के प्रश्न हैं इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50-60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 19-23 प्रत्येक 4 अंक के प्रश्न हैं इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर100-120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 24-26 गद्यांश,कार्टून और मानचित्र आधारित प्रश्न हैं । तदनुसार इनके उत्तर दीजिए।
7. प्रश्न संख्या 27-30 प्रत्येक 6 अंक के प्रश्न हैं इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 170-180 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।
8. 6 अंक वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**खंड -ए (12 अंक)**

1. निम्नलिखित में से कौन भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष थे? 1

   a) डॉ. बी.आर.अम्बेडकर c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

   b) डॉ. जाकिर हुसैन d) डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद

2. “संवैधानिक उपचारों का अधिकार संविधान का हृदय और आत्मा है” यह किसका कथन है? 1

   a) डॉ. बी.आर.अम्बेडकर c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

   b) डॉ. जाकिर हुसैन d) डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद

3. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 368 निम्न में से किस से सम्बंधित है? 1

   a) राज्य का दर्जा b) मौलिक अधिकार c) नागरिकता d) संशोधन प्रक्रिया

4. भारत का संविधान कब अपनाया गया? 1

   a) 26 जनवरी 1949 b) 26 नवंबर 1949 c) 24 नवंबर 1949 d) 26 जनवरी 1950

5. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद जम्मू-कश्मीर और लेह-लद्दाख क्षेत्र से संबंधित है? 1

a) अनुच्छेद 368 b) अनुच्छेद 369 c) अनुच्छेद 370 d) अनुच्छेद 371

6. मार्टिन लूथर किंग जूनियर निम्न में से किस आंदोलन से संबंधित थे? 1

a) नागरिक अधिकार आंदोलन b) असहयोग आंदोलन

c) चिपको आंदोलन d) भारत छोड़ो आंदोलन

7. विनीता एक ............श्रमिक है यदि वह मुंबई में घरेलू नौकरानी के रूप में काम कर रही है जबकि वह राजस्थान से आई है। 1

a) निवासी b) अनिवासी भारतीय c) प्रवासी d) स्थानीय

8. श्रीलंका का मूल निवासी रमन गृहयुद्ध के कारण श्रीलंका से तमिलनाडु आ गया है। निम्नलिखित में से कौन सा प्रकार उस पर लागू होगा? 1

a) निवासी b) अनिवासी भारतीय c) प्रवासी d) शरणार्थी

9. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक जवाहरलाल नेहरू द्वारा लिखी गई थी? 1

a) हिंद स्वराज b) भारत की खोज

c) सत्य के साथ मेरे प्रयोग d) आज़ादी की लंबी यात्रा (लॉन्ग वाक टू फ्रीडम)

10. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (A) के बाद कारण (R) आता है। इन्हें पढ़िए और उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए : 1

अभिकथन (A): विश्व में अधिकांश समाज सांस्कृतिक रूप से विविध हैं।

कारण (R): उनके पास एक ही क्षेत्र में विभिन्न धर्मों और भाषाओं के लोग एक साथ रहते हैं।

a) कथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन की सही व्याख्या है।

b) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

c) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

d) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

11. निम्नलिखित प्रश्न में, कथन (A) के बाद कारण (R) आता है। इन्हें पढ़िए और उत्तर के रूप में उचित विकल्प चुनिए: 1

अभिकथन (A): ): भारतीय संविधान में धार्मिक, भाषाई और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रावधानों का एक विस्तृत समुच्य है।

https://www.evidyarthi.in

कारण (R): कई लोकतांत्रिक समाजों ने आज अपने क्षेत्र के भीतर रहने वाले सांस्कृतिक अल्पसंख्यक समुदायों की पहचान को पहचान को जानने और उनकी रक्षा करने के लिए उपाय पेश किए हैं।

a) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण कथन की सही व्याख्या है।

b) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।

c) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

d) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

12. कुछ देशों के साथ उनसे सम्बंधित अलगाववादी आंदोलन निम्नलिखित हैं। सूची I को सूची II से मिलान करके सर्वोत्तम उत्तर कोड चुनिए - 1

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A) क्यूबेकॉइस | (i) श्रीलंका |
| B) बास्क | (ii) तुर्की और इराक |
| C) कुर्द | (iii) उत्तरी स्पेन |
| D) तमिल | (iv) कनाडा |

कोड:

a) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)

b) A-(iii),B -(iv),C-(ii), D-(i)

c) A-(ii), B-(i), C-(iii), D-(iv)

d) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)

**खंड -बी(12 अंक)**

13. किसी भी देश के लिए संविधान की आवश्यकता क्यों होती है? 2

14. भारतीय संसद के कोई दो कार्य लिखिए ? 2

15. भारतीय संघवाद की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ? 2

16. 'सकारात्मक स्वतंत्रता' के कोई दो उदाहरण दीजिए? 2

17. मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिधान्तों में अंतर स्पष्ट कीजिए? 2

18. भारतीय धर्मनिरपेक्षता की कोई दो विशेषताएँ बताइए। 2

**खंड-सी(20 अंक)**

19. भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त किन्हीं दो मौलिक अधिकारों के बारे में बताइए? 4

20. अधिक स्वायत्तता की तलाश में राज्यों द्वारा उठाई गई माँगें क्या हैं? 4

अथवा

भारतीय संविधान की किन्हीं चार विशेषताओं की सूची बनाइए जो केंद्र सरकार को राज्य सरकार की तुलना में अधिक शक्ति प्रदान करती हैं।

21. 73वें संविधान संशोधन के प्रावधानों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

22. सामाजिक एवं प्राकृतिक असमानताओं के बारे में संक्षेप में बताइए। 4

23. भारतीय धर्मनिरपेक्षता के संदर्भ में अंतर-धार्मिक(धर्मों के बीच)वर्चस्व और अंतर्धर्मिक(धर्म के अंदर)वर्चस्व के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

**खंड-सी(12अंक)**

24. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

4x1 = 4

राजनीतिक सिद्धांत उन विचारों और नीतियों के व्यवस्थित रूप को प्रतिबंधित करता है,जिनसे हमारे सामाजिक जीवन,सरकार और संविधान ने आकार ग्रहण किया है । यह स्वतंत्रता, समानता, न्याय, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता जैसी अवधारणाओं का अर्थ स्पष्ट करता है। यह कानून का राज अधिकारों का बंटवारा न्यायिक पुनरवलोकन जैसी नीतियों की सार्थकता की जांच करता है। यह इस काम को विभिन्न विचारकों द्वारा इन अवधारणाओं के बचाव में विकसित युक्तियों की जाँच-पड़ताल के जरिये करता है। हालाँकि रूसो,मार्क्स या गांधी जी राजनेता नहीं बन पाए लेकिन उनके विचारों ने हर जगह पीढ़ी-दर-पीढ़ी राजनेताओं को प्रभावित किया।साथ ही ऐसे बहुत से समकालीन विचारक हैं, जो अपने समय में लोकतंत्र या स्वतन्त्रता के बचाव के लिएउनसे प्रेरणा लेते हैं। विभिन्न तर्कों की जांच-पड़ताल के अलावा, राजनीतिक सिद्धांतकार हमारे ताज़ा राजनीतिक अनुभवों की छानबीन भी करते हैं और भावी रुझानों तथा संभावनाओं को चिन्हित करते हैं।

24.1 निम्नलिखित में से कौन एक राजनीतिज्ञ थे ?

a) जे.जे. रूसो b) कार्ल मार्क्स c) जॉर्ज बुश d) महात्मा गांधी

24.2 निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र राजनीतिक सिद्धांत से संबंधित नहीं है?

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

a) अर्थव्यवस्था b) सरकारें c) संविधान d) सामाजिक-जीवन

24.3 निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय विचारक राजनीतिक सिद्धांतकार था?

a) महात्मा गांधी b) बाबा आम्टे c) सुकुमार सेन d) मदर टेरेसा

24.4 निम्नलिखित में से कौन सी राजनीतिक अवधारणा नहीं है?

a) न्याय b) संपत्ति

c) स्वतंत्रता d) समानता

25. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




25.1 हमारे जीवन में अधिकार किस प्रकार महत्वपूर्ण हैं? 1

25.2 उपरोक्त वार्तालाप में किस अधिकार की चर्चा हो रही है? 1

25.3 निजता का अधिकार क्या है? 2

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए हैं।**

**निम्नलिखित का नाम बताइए : 4X1 = 4**

25.1 हमारे जीवन में अधिकार किस प्रकार महत्वपूर्ण हैं?

25.2 भारतीय संविधान में स्वतंत्रता से सम्बंधित कौन सा मौलिक अधिकार है?

25.3 निजता का अधिकार क्या है?

25.4 किसी के निजता के अधिकार के उल्लंघन का कोई एक उदाहरण दीजिए।

26.भारत के दिए गए रूपरेखा राजनीतिक मानचित्र में, चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के रूप में चिह्नित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों को पहचानिए और उनके सही नाम अपनी उत्तर पुस्तिका में उपयोग की गई जानकारी की क्रम

संख्या और संबंधित अक्षरों के साथ दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखिए: 4X1 = 4




(i) उत्तर भारत का एक द्विसदनीय विधायी राज्य।

(ii) दक्षिणी भारत का द्विसदनीय विधायी राज्य।

(iii) पूर्वी भारत का एकसदनीय विधायी राज्य।

(iv) पश्चिमी भारत का एकसदनीय विधायी राज्य।

https://www.evidyarthi.in

| क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

नोट: निम्नलिखित प्रश्न प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए हैं।

निम्नलिखित के नाम बताइए :

(i) उत्तर भारत का एक द्विसदनीय विधायी राज्य।

(ii) दक्षिणी भारत का द्विसदनीय विधायी राज्य।

(iii) पूर्वी भारत का एकसदनीय विधायी राज्य।

(iv) पश्चिमी भारत का एकसदनीय विधायी राज्य।

**खंड-ई(24अंक)**

27. "भारत का चुनाव आयोग एक शक्तिशाली निकाय है"? चुनावों के दौरान भारतीय निर्वाचन आयोग की भूमिका का वर्णन कीजिए । 6

अथवा

भारत की चुनाव प्रक्रिया को संक्षेप में बताइए ? हमें चुनावों में सुधारों की आवश्यकता क्यों है?

28. 'भारत की कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका परस्पर संबंधित हैं।' उपयुक्त तर्कों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए । 6

अथवा

भारत की स्थायी कार्यपालिका के गठन एवं महत्व का वर्णन कीजिये।

29. स्वतंत्रता के 'हानिकारक सिद्धांत' के बारे में बताइए । 6

अथवा

स्वतंत्रता के लिए प्रतिबंधों के स्रोत क्या हैं। हमें इन प्रतिबंधों की आवश्यकता क्यों है?

30. संक्षेप में बताइए कि समान लोगों के लिए समान व्यवहार क्यों सुनिश्चित किया जाना चाहिए? उदाहरण सहित समझाइये। 6

अथवा

'आनुपातिक न्याय' क्या है? विस्तार से व्याख्या कीजिए ।

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in